वी.यू. –राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं राष्ट्र ऋषि नानाजी की विचारधारा पर व्याख्यान

आज नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवम राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की विचारधारा पर व्याख्यान माला का अयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता की भूमिका में डॉ. ए.डी.एन. वाजपेई कुलपति अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर एवम विशिष्ट अतिथि रा.दु.वि.वि. के कुलपति डॉ. प्रो कपिल देव मिश्रा जी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान पुष्प, शाल, श्री फल एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता डॉ. ए.डी.एन. ने अपने व्याख्यान में शिक्षा नीति पर विस्तार से चर्चा की, तथा अपने वक्तव्य में नानाजी की विचारधारा आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में नवाचार, शोध आदि के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र को और संवार रही है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि रहे रा.दु.वि.वि. कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्रा ने नानाजी देशमुख के राष्ट्र ऋषि के शिक्षा संकल्प को दोहराते हुए अपने उद्‌बोधन में कहा कि शिक्षा प्रणाली में क्रमबद्ध विकास की प्रकिया राष्ट्र को मजबूत आधार प्रदान करती है, एवम प्रायोगिक ज्ञान विशेष उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवम महत्वपूर्ण साबित होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय वि.वि. कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी जी ने कहा की जन चेतना एवम वैचारिक विषयों पर परिचर्चा सार्वजनिक हितों हेतु बेहद आवश्यक है, ताकि हम एक शिक्षित, सशक्त, एवम आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार कर सके, एवम शिक्षा व्यवस्था

को एक नई दिशा दी जा सके। व्याख्यान के दौरान, कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियो द्वारा राष्ट्र ऋषि नानाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. श्रीकांत जोशी, कुलसचिव, डॉ. मधुस्वामी, संचालक, अनुसंधान सेवाएं, अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा, पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. जी. पी. लखानी, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. जी. दास, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. एस. एस. कारमोरे, डी.एस.डब्लू. डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. अंजू नायक, डॉ. अपरा शाही, डॉ. बी. राय, डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. राखी वैश्य, डॉ. यामिनी वर्मा, डॉ. सुदिप्ता घोष, डॉ अक्षय गर्ग, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, डॉ. गिरिराज गोयल, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. रीति मिश्रा, डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ शिवांगी शर्मा, डॉ. देवेश आदि। मंच संचालन डॉ. निधि राजपूत द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर